**कक्षा- छठी, हिंदी (प्रथम भाषा)**

**पत्र लेखन**

**पत्र : अपनी कक्षा के सभी छात्रों की ओर से पिकनिक पर जाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

सेवा में

प्रधानाचार्य जी
कल्याण पब्लिक स्कूल
लुधियाना ।
दिनांक-05.10.2020

**विषय - पिकनिक पर जाने की अनुमति के लिए प्रार्थना-पत्र।**

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा छठी का छात्र हूँ। मैं अपनी पूरी कक्षा की ओर से आपसे विनती करता हूँ कि हम छठी कक्षा के सभी विद्यार्थी पिकनिक के लिए चंडीगढ़ जाना चाहते हैं | हमारी कक्षा अध्यापिका श्रीमती मोनिका गुप्ता व अन्य दो अध्यापिकाएं श्रीमती अंजु व अनीता पुरी भी पिकनिक के दौरान हमारे साथ चलने व मार्गदर्शन करने के लिए सहमत हुई हैं। कृपया आप हमें जाने की अनुमति दें| हम सदैव आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद,

आपका आज्ञाकारी शिष्य,

मयंक गुप्ता

**(मयंक गुप्ता)**

(मॉनीटर)

कक्षा-छठी

---

**तैयार व प्रस्तुतकर्ता**
डॉ.सुनील बहल
एम.ए.(संस्कृत ,हिंदी), एम.एड.,पीएच.डी (हिंदी)
असिस्टेंट डायरेक्टर (एस.सी.ई.आर.टी.)
व स्टेट रिसोर्स पर्सन (हिंदी और पंजाबी)

---